**खबर संक्षेप**

### आज से ब्यौहारी में विशाल हिंदू सम्मेलन

**ब्यौहारी।** अंचल में हिंदू जागरण और सामाजिक एकता के उद्देश्य से 31 जनवरी 2026 शनिवार को एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक शरद कोल की अगुवाई में किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य सनातन संस्कृति, धार्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को नई ऊर्जा प्रदान करना बताया गया है। जारी निमंत्रण पत्र के अनुसार यह सम्मेलन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम स्थल बालक हायर सेकेंडरी ग्राउंड, ब्यौहारी निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों से परिवार सहित उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकजुटता का संदेश मजबूत हो सके। यह आयोजन सकल हिंदू समाज ब्यौहारी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर वक्ताओं के संबोधन, जागरण संदेश और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां भी शामिल रहने की संभावना है। विधायक शरद कोल जो भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं, लंबे समय से क्षेत्र में सामाजिक और जनजागरण कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन क्षेत्र में सांस्कृतिक एकता और सामाजिक सहयोग को नई दिशा देगा।

### सरफा पुल के पास कार-बाइक की भिड़ंत

**धनपुरी के युवक की मौके पर मौत**



**बुढार।** तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बार फिर हाईवे को रक्त रंजित कर दिया। बुढार-शहडोल मार्ग पर सरफा पुल के पास गुरुवार रात एक भीषण सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार और बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामा के घर जा रहा था मृतक पुलिस के अनुसार, धनपुरी निवासी युवक अपनी बाइक एमपी 18 एमएल 8098 से मामा के घर जमुई जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार सीजी 15 बी 7982 ने उसे सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और वह मौके पर ही खड़ी रह गई। पुलिस ने वाहन किए जब्त, जांच शुरू सूचना मिलते ही बुढार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने दुर्घटनाकारी कार और क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह कार की बेलगाम रफ्तार बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी चालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में मातम पसरा है।

### शतरंज की बिसात पर शहडोल का दबदबा



**सारांश तिवारी का नेशनल के लिए चयन**

**शहडोल।** खेलो यूथ एमपी के तहत नर्मदापुरम में आयोजित खेलो मध्यप्रदेश शतरंज प्रतियोगिता में शहडोल के उभरते खिलाड़ी सारांश तिवारी ने अपनी चालों से सबको पछाड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। अंडर-19 वर्ग के कड़े मुकाबले में सारांश ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के वाणिज्य छात्र सारांश ने बेहद दबाव वाले 9 राउंड के मुकाबलों में 7.5 अंक हासिल किए। इस शानदार प्रदर्शन के चलते उन्होंने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शहडोल का नाम रोशन किया। सारांश, जिला न्यायालय में पदस्थ सरोज तिवारी के सुपुत्र हैं। शहडोल के इस लाल की सफलता पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और एसपी रामजी श्रीवास्तव ने बधाई देते हुए कहा कि जिले की खेल प्रतिभाएं अब राष्ट्रीय स्तर पर चमक रही हैं।

## पुलिस खुद सुरक्षित नहीं तो जनता का क्या होगा: डोडियार

# माफियाओं के सामने नतमस्तक है शहडोल प्रशासन

### प्रभारी मंत्री शुक्ला जी बुजुर्ग हो गए, उनसे जिला नहीं संभल रहा



**शहडोल।** मध्यप्रदेश की आदिवासी राजनीति में उस समय भूचाल आ गया, जब भारत आदिवासी पार्टी के फायरब्रांड विधायक कमलेश्वर डोडियार शहडोल पहुंचे। अपनी सादगी और मोटरसाइकिल से विधानसभा पहुंचने के लिए चर्चित श्री डोडियार ने शहडोल की धरती से न केवल सत्ता पक्ष को ललकारा, बल्कि जिले की बदहाल कानून व्यवस्था और आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर प्रशासन की बखिया उधेड़ दी। श्री डोडियार के तेवरों ने साफ कर दिया है कि अब विंध्य के इस आदिवासी अंचल में राजनीति का नया समीकरण तैयार हो रहा है।

### पुलिस ने माफियाओं के सामने टेके घुटने

विधायक डोडियार ने जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि शहडोल में माफिया तंत्र समानांतर सरकार चला रहा है। उन्होंने हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि यहां एएसआई और पटवारी की कुचलकर हत्या कर दी गई, तहसीलदार पर रेत माफियाओं ने जानलेवा हमला किया और आए दिन पुलिस वाले पिट रहे हैं। डोडियार ने तंज कसते हुए कहा, जब वर्दी खुद सुरक्षित नहीं है, जब रक्षक ही अपनी जान नहीं बचा पा रहे, तो आम आदिवासी और गरीब जनता किसके भरोसे रहेगी? ऐसा लगता है कि शहडोल पुलिस ने माफियाओं के सामने पूरी तरह घुटने टेक दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में खनिज, भू और कोल माफिया का इतना दबदबा है कि प्रशासनिक मशीनरी उनके इशारों पर नाच रही है।

### यूपी जा रही शहडोल की खनिज संपदा

जिले में रेत ठेका न होने के बावजूद जारी अवैध उत्खनन पर विधायक ने गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि शहडोल की नदियों का सीना छलनी कर हर दिन लाखों की रेत निकाली जा रही है। यह चोरी की रेत न केवल स्थानीय स्तर पर खपाई जा रही है, बल्कि धड़ल्ले से उत्तर प्रदेश भेजी जा रही है। श्री डोडियार ने सीधा आरोप लगाया कि इस महालूट में प्रशासन और माफिया की गहरी सांठ-गांठ है, जिसके चलते सरकारी खजाने को चूना लग रहा है और प्राकृतिक संपदा नष्ट हो रही है।

### छात्रावासों से गायब बेटियां

आदिवासी छात्राओं की सुरक्षा के मुद्दे पर श्री डोडियार सबसे अधिक आक्रामक नजर आए। उन्होंने जिले के आदिवासी छात्रावासों से छात्राओं के लापता होने के मामलों को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन मामलों में न तो पारदर्शी जांच हो रही है और न ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई। श्री डोडियार ने कहा बेटियों के लापता होने पर प्रशासन की चुप्पी कई संदेह पैदा करती है। यदि हमारी बेटियां ही सुरक्षित नहीं हैं, तो सरकार के महिला सशक्तिकरण के दावे पूरी तरह खोखले और झूठे हैं।

### बुजुर्ग हो चुके हैं राजेंद्र शुक्ला

जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला को निशाने पर लेते हुए श्री डोडियार ने कहा कि वह एक वरिष्ठ नेता जरूर हैं, लेकिन शहडोल की वर्तमान स्थिति को संभालने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए विधायक ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वह अब बुजुर्ग हो चुके हैं और उनमें जिले की समस्याओं को सुलझाने की इच्छाशक्ति नहीं बची है। उनके संरक्षण में आदिवासियों का जमकर शोषण हो रहा है।

### जल, जंगल और जमीन की डकैती

आदिवासियों की आर्थिक स्थिति पर भावुक होते हुए श्री डोडियार ने कहा कि शहडोल का असली मालिक यानी आदिवासी आज फटी चप्पल पहनने को मजबूर है, जबकि उसकी कीमती जमीन को छीनकर दबंगों ने बड़े-बड़े शोरूम बना लिए हैं। आदिवासियों के हाथों से उनका जल, जंगल और जमीन छीना जा रहा है। जब गरीब आदिवासी न्याय के लिए दफ्तरों में जाता है, तो उसे अपमानित कर भगा दिया जाता है।

### 16 फरवरी से सदन में मचेगा शोर

*विधायक ने हुंकार भरते हुए कहा कि भारत आदिवासी पार्टी अब चुप नहीं बैठेगी। आगामी 16 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में शहडोल के इन तमाम मुद्दों जैसे माफिया राज, छात्राओं की गुमशुदगी और पुलिस पर हमलों को पूरी ताकत से उठाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही हालातों में सुधार नहीं हुआ, तो शहडोल से एक विशाल जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। श्री डोडियार ने दो टूक शब्दों में कहा हम आदिवासियों के हक के लिए सडक़ से लेकर सदन तक लड़ेंगे। शहडोल की प्रशासनिक व्यवस्था को जवाब देना होगा कि आखिर वह किसके दबाव में काम कर रही है।*

# गणतंत्र दिवस पर खाकी का सम्मान

## उत्कृष्ट सेवा के लिए 49 पुलिसकर्मी पुरस्कृत



**शहडोल।** 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर पुलिस लाइन में आयोजित गरिमामय समारोह के दौरान जिला पुलिस बल के जांबाज अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान किया गया। पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2025 में कानून व्यवस्था बनाए रखने, जटिल अपराधों के खुलासे और जनसेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 49 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र भेंट किए।

### निष्ठा और समर्पण की मिली पहचान

सम्मानित होने वालों में 3 उप निरीक्षक, 9 सहायक उप निरीक्षक, 9 प्रधान आरक्षक और 28 आरक्षक शामिल हैं। इन पुलिसकर्मियों ने न केवल अपराध नियंत्रण और विशेष अभियानों में अपनी काबिलियत साबित की, बल्कि पुलिस की छवि को जनता के बीच सुदृढ़ और जनोन्मुखी बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### एसपी ने थपथपाई पीठ, दिया ईमानदारी का मंत्र

पुरस्कार वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित कर्मियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का कोई विकल्प नहीं है। एसपी ने अन्य पुलिसकर्मियों को भी इसी समर्पण भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छा कार्य करने वालों को विभाग हमेशा पुरस्कृत करेगा, ताकि पुलिस बल का मनोबल ऊंचा बना रहे।

## हेलमेट पहनें, मौत को मात दें, शहडोल पुलिस ने बांटे सुरक्षा कवच



**शहडोल।** जिले में बढ़ते सडक़ हादसों पर लगाम लगाने और नागरिकों को सुरक्षित सफर के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने सडक़ सुरक्षा-जीवन रक्षा थीम पर विशेष अभियान चलाया। भारतीय जीवन बीमा निगम के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और एसपी रामजी श्रीवास्तव ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर सुरक्षा का संकल्प दिलाया।

### नियम तोडऩा बहादुरी नहीं, जान का जोखिम है

अधिकारियों ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन और बिना हेलमेट वाहन चलाना जानलेवा साबित हो सकता है। कलेक्टर ने सीट बेल्ट और यातायात नियमों की अनिवार्यता पर जोर दिया। इस दौरान आमजन को हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना और दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नेक राहगीर योजना की जानकारी देकर प्रोत्साहित किया गया।

### सुरक्षा आपकी, जिम्मेदारी पुलिस की

यातायात थाना प्रभारी संजय जायसवाल और उनकी टीम ने वाहन चालकों से अपील की कि वे सडक़ पर अनुशासन बनाए रखें। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि घर पर इंतजार कर रहे परिवार के पास सुरक्षित लौटने के लिए जरूरी है।

## पत्रकार आशीष नामदेव के पुत्र के असामयिक निधन पर शोक संवेदना



**बुढार।** पत्रकार आशीष नामदेव के पुत्र अनिकेत नामदेव (अभि) के आसमयिक निधन पर नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा स्नेहियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। वरिष्ठ पत्रकार मोहन नामदेव के भतीजे एवं पत्रकार आशीष नामदेव के अनुज पुत्र अनिकेत नामदेव जो शासकीय महाविद्यालय बुढार में बी. कॉम. द्वितीय वर्ष का विद्यार्थी था, जो काफी मिलनसार था जिसका करुणान्त गृह ग्राम कटकोनी (बुढार) में गत 28 जनवरी को हो गया। वरिष्ठ पत्रकार मोहन नामदेव के भतीजे एवं पत्रकार आशीष नामदेव के अनुज पुत्र के निधन पर समाजसेवी एवं पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी, विधायक जयसिंह मरावी, शिवेन्द्र कुमार द्विवेदी, हनुमान खंडेलवाल, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, जयकान्त मिश्रा विश्वेश पटेल, अरुण शर्मा, प्रदीप सिंह (एड.), भानू दीक्षित, कमलेश शर्मा, बलमीत सिंह खनूजा, रोहणी प्रसाद गर्ग, उग्रभान अवस्थी, सुजीत सिंह चंदेल, रविकरण त्रिपाठी, शरद गुप्ता, सुरेन्द्र जायसवाल, रवि रजक, अरविन्द नायक, अजय सिंघानिया, मनोज जैन, पत्रकार सनत शर्मा, ऋतुपर्ण दबे, कैलाश लालवानी, अजय नामदेव, सुभाष शर्मा, ओमप्रकाश पाण्डेय (एड.), राजू सेठिया, प्रवीण जैन (बीनू) सुभाष तिवारी ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# लापरवाह शिक्षकों पर गिरेगी गाज

## उपस्थिति दर्ज न होने पर रुकेगा वेतनः उपायुक्त



**शहडोल।** सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सुस्ती और कागजी खानापूर्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने संभागीय बैठक में कड़े तेवर दिखाते हुए स्पष्ट किया है कि विभागीय कार्यों में गति लाएं और इन्हें समय-सीमा में पूर्ण करें।

### वेतन रोकने के आदेश

बैठक में उपायुक्त ने ई-अटेंडेंस (डिजिटल उपस्थिति) को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया। उन्होंने दो-टूक कहा कि जो शिक्षक अब भी डिजिटल उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं, उन्हें अंतिम बार प्रेरित करें, यदि इसके बाद भी सुधार नहीं होता है, तो संबंधित शिक्षकों का वेतन रोकने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाए। संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का नियमित निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारें।

### घर-घर जाकर पूरा करें पंजीयन

छात्रवृत्ति, प्रोफाइल पंजीयन और ओ.टी.आर. की समीक्षा करते हुए श्री यादव ने निर्देश दिए कि जो विद्यार्थी स्कूल नहीं आ पा रहे हैं, शिक्षक उनके घर जाकर संपर्क करें और शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें। आवास सहायता और महाविद्यालयीन छात्रवृत्ति के लंबित मामलों के लिए कॉलेज प्राचार्यों से समन्वय के निर्देश दिए गए हैं।

### पेंशन और स्वत्वों में देरी पर नाराजगी

उपायुक्त ने जिलाधिकारियों को चेतावनी दी कि पेंशन प्रकरण, समयमान और क्रमोन्नति जैसे संवेदनशील मामलों में देरी न करें। जनसुनवाई और सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण खुद जिलाधिकारी की प्राथमिकता होनी चाहिए। अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी के साथ उन्होंने एक सप्ताह के भीतर लंबित फाइलों को मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं।

## बोर्ड परीक्षा के परिणामों में कोताही बर्दाश्त नहींः आयुक्त




**शहडोल।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं में जिले का प्रदर्शन सुधारने और अव्वल परिणाम लाने के लिए प्रशासन ने अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपना ली है। संभाग की आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को दो-टूक निर्देश दिए हैं कि 10वीं और 12वीं के परिणामों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कोचिंग नहीं, अब अभ्यास पर जोर दें

आयुक्त ने प्री-बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन की रिपोर्ट देख असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि जिन विषयों में छात्र कमजोर हैं, वहां तत्काल रेमेडियल कक्षाएं शुरू की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल सिलेबस पूरा करना काफी नहीं है, बल्कि छात्रों को पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों और विशेषज्ञों द्वारा तैयार मॉडल पेपर का सघन अभ्यास कराया जाए। विशेषकर गणित और अंग्रेजी जैसे कठिन विषयों पर अतिरिक्त प्रहार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### वीडियो क्लिपिंग से होगी स्मार्ट तैयारी

बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि प्रशासन परीक्षा को तनावमुक्त बनाने के लिए आधुनिक तरीकों का सहारा ले रहा है। विषय विशेषज्ञों के छोटे वीडियो बनाकर छात्रों तक पहुंचाए जा रहे हैं। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी लगाने से लेकर बुनियादी सुविधाओं तक की तैयारी समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी और जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें साफ शब्दों में कहा गया है कि परीक्षा की गरिमा और परिणाम, दोनों से समझौता नहीं होगा।

## सात समंदर पार गूंजेगी धनपुरी के विकास की धमक, लंदन से आया बुलावा



**शहडोल। कोयलांचल क्षेत्र की धनपुरी नगरपालिका ने विकास और सुशासन के मामले में एक ऐसी छलांग लगाई है, जिसकी चर्चा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने जा रही है। कॉमनवेल्थ लोकल गवर्नमेंट फोरम ने धनपुरी के नवाचारों और शहरी विकास के मॉडल को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए सीएमओ सुश्री पूजा बुनकर को लंदन आमंत्रित किया है।**

### वैश्विक मंच पर दिखेगा धनपुरी का सक्सेस मॉडल

लंदन में आयोजित कॉमनवेल्थ सस्टेनेबल सिटीज इनिशिएटिव कार्यक्रम में धनपुरी नगरपालिका द्वारा किए गए सुशासन, नागरिक सेवा सुधार और सस्टेनेबल सिटी प्रोजेक्ट्स की केस स्टडी पेश की जाएगी। सीएमओ पूजा बुनकर ने बताया कि धनपुरी के इन सफल प्रयासों को पहले राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और अब इसे अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के बीच साझा किया जाएगा।

### भोपाल में होगा तीन दिवसीय राज्य संवाद

लंदन जाने से पूर्व कॉमनवेल्थ संस्था के तत्वावधान में 3 से 5 फरवरी 2026 तक भोपाल में राज्य स्तरीय संवाद का आयोजन होगा। धनपुरी जैसी छोटी नगरपालिका का अंतरराष्ट्रीय मंच पर चयन होना पूरे शहडोल संभाग के लिए गौरव का विषय है। इससे नगर के विकास कार्यों को न केवल नई पहचान मिलेगी, बल्कि वैश्विक स्तर की तकनीकों को स्थानीय स्तर पर लागू करने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## शिक्षा में सनातनी संस्कारों का होना अनिवार्यः धर्माचार्य कृपा शंकर







**शहडोल।** रोजगारोन्मुखी शिक्षा में भी संस्कारों का होना आवश्यक है, बालपालकों को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि बच्चे सनातनी संस्कारों से कहीं दूर ना जायें बल्कि उन संस्कारों को आत्मसात करें। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की व्यास पीठ द्वारा वेद् विद धर्माचार्य कृपा शंकर जी ने अपने श्रीमुख से यह बात तब कही , जब वे प्रसंगवश संदीपनी आश्रम में बाल सखाओं के साथ बिहारी जी की शिक्षा-दीक्षा पर प्रकाश डाल रहे थे। उन्होंने बताया कि हमारी संस्कृति में शिक्षा दान की जाती थी जब से शिक्षा को व्यवसाय मान लिया गया तभी से गुरु शिष्य के बीच आस्था की डोर कमजोर होने लगी।

शहनाई गार्डन इन दिनों कथा श्रवण करने वालों के लिये वृन्दावन (निधिकुंज) बना है, जहां ज्ञानरंजन के साथ महारास का आनन्द सहज लगता है। मनोहारी झांकिया, लययुक्त नृत्य और सु-मधुर भजनों के बीच जीवन का तनाव दूर भाग जाता है। कथा का प्रवाह रस से भरा है जिसमें श्रोता सरावोर हो कर झूमने के लिये विवश हो जाता है और भक्ति की इसी मस्ती में आचार्य श्री सीख देते है कि समाज को वृद्धाश्रम नहीं, वृन्दावन बनायें। गाय माता साक्षात संपूर्ण सनातन संस्कृति का श्रोत है। कोरोना के दौरान शुद्ध वायु के लिये मचे युद्ध से भी हम वृक्षों के संरक्षण के लिये गंभीर नहीं है? युवा पीढ़ी माता-पिता के त्याग और स्नेह को अगर उनका कर्तव्य समझती है तो जरा आत्मा-वलोकन करके अपने कर्तव्य का निर्वहन करना भी सीख ले। कथा के आयोजक ज्योति मुकेश अग्रवाल है जिनके द्वारा सर्व मंगलकारी एवं सर्व सुविधायुक्त आयोजन श्रोताओं के पापों का शमन कर उनमें चेतना का संचार कर रहा है। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा अमन पैलेस के ठीक सामने शहनाई गार्डन में हो रही है। 31 जनवरी 2026 को कथा, हवन और महा प्रसाद के पश्चात विराम लेगी।

खबर संक्षेप

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अमरकंटक में पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया स्मरण



**अमरकंटक।** शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पवित्र नगरी अमरकंटक में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नर्मदा मंदिर के सामने, मां नर्मदा नदी के दक्षिण तट स्थित गांधी कुंड पर स्थापित गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बापू को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं मानवता के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। पुण्यतिथि के अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी आदरांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात गांधी जी के जयघोष एवं नारों का उद्घोष किया गया। उपस्थित नागरिकों ने अपने-अपने शब्दों में महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से पत्रकार धनंजय तिवारी, पंडित राजेश पाठक, पवन दुबे, संतोष तिवारी, रमाकांत सेन, अभिलाष कोली सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पंडित राजेश पाठक द्वारा संस्कृत मंत्रोच्चारण एवं श्लोक पाठ के साथ दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पुण्य स्मरण किया गया।





# पैरालीगल वालंटियर्स का प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया।** राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रियदर्शन शर्मा, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के ए.डी.आर. हॉल के कांफ्ररेन्स हॉल में एक दिवसीय ऑरियन्टेशन पैरालीगल वॉलेन्टियर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अरूण प्रताप सिंह,प्रधान न्यायाधीश,कुटुम्ब न्यायालय द्वारा महिलाओं से संबंधी कानून घरेलू हिंसा अधिनियम,हिन्दू विवाह अधिनियम, भरण-पोषण एवं वर्तमान युग में महिलाओं के द्वारा कानून का दुरूपयोग करने संबंधी चर्चा की गई। मोहन डावर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, मध्यस्थता योजना, विभिन्न प्रकार की लोक अदालत, विधिक साक्षरता शिविर,म.प्र.अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015, लीगल एड क्लीनिक योजना, आदि के बारे में बताया गया। अभय सिंह, सी.ई.ओ., जिला पंचायत द्वारा म.प्र. शासन द्वारा पंचायत के माध्यम से विभिन्न प्रकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सुरेश चंद्र मित्राणी, चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउंसेल सिस्टम उमरिया के द्वारा नवीन कानून संबंधी जानकारी, आरोपी के अधिकार, एफ.आई.आर. एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 के बारे में प्रशिक्षु को अवगत कराया गया। वीणा खलखो, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, उमरिया के द्वारा पी.पी.टी. तैयार कर भारतीय संविधान प्रस्तावना, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, महिला संबंधी आपराधिक विधिक के प्रावधान, विधिक साक्षरता शिविरों में पी0एल0व्ही0 की भूमिका एवं दायित्व, आवेदन लिखना, उनका निराकरण करना, वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961, आदि के बारे में पैरालीगल वॉलेन्टियर्स को प्रोजेक्टर के माध्यम से समस्त को विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात पैरालीगल वॉलेन्टियर्स की समाज में भूमिका,कर्तव्य एवं कार्यप्रणाली के बारे में प्रशिक्षु को समझाया गया। कार्यक्रम द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड उमरिया, सुरेश चंद्र मित्राणी, चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउंसेल सिस्टम उमरिया एवं समस्त प्रशिक्षु पैरालीगल वॉलेन्टियर्स उपस्थित रहे।

# किसानों का पंजीयन सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित केंद्र में होगा

**उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि सिकमी/बटाईदार एवं वनपटटाधारी किसानों के पंजीयन के लिए किसानों का पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित गेहूं पंजीयन केन्द्र पर किया जाएगा । पंजीयन केन्द्र पर किसान को आधार संबंधी दस्तावेज, आधार नंबर से पंजीकृत मोबाईल नंबर हो तथा सिकमी/बटाई अनुबंध (निर्धारित प्रारूप में परिशिष्ट-4 पर संलग्न) की प्रति साथ मे लेकर आना होगा । किसान द्वारा प्रस्तुत सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति ई-उपार्जन पोर्टल पर आपरेटर द्वारा स्केन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा, उसके उपरांत ही पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण हो सकेगी ।**

उन्होने बताया कि पंजीयन केन्द्रो पर आपरेटर द्वारा किसान के आधार में दर्ज नाम ईउपार्जन पोर्टल पर प्रविष्ट किया जाएगा । सिकमी/बटाईदार किसान द्वारा प्रस्तुत सिकमीनामे में दर्ज किसान विवरण के आधार पर जिला/तहसील/ग्राम का चयन करते हुए संबंधित खसरा नंबर का चयन किया जाएगा। वनपट्टाधारक किसान के पंजीयन में वनपट्टा क्रमांक, खसरा, रकबे एवं बोई गई फसल की प्रविष्टि की जाएगी । सिकमी/बटाईदार/पट्टाधारी किसान का आधार नंबर प्रविष्ट किया जाएगा । आधार नंबर प्रविष्टि के उपरांत किसान के आधार एंथेटिकेशन (बायोमेट्रिक)/पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी ओटीपी प्राप्त होगा, जिसके माध्यम से सत्यापन उपरांत आधार डाटाबेस में दर्ज पूर्ण जानकारी यूआईडीएआई से ई-उपार्जन पोर्टल पर प्राप्त होगी ।

सिकमी/बटाईदार किसान द्वारा प्रस्तुत सिकमी अनुबंध में उल्लेखित मूल भू-स्वामी का समग्र एवं आधार नंबर प्रविष्ट ईउपार्जन पोअल पर किया जाएगा एवं मूल भू-स्वामी का ओटीपी बायोमैट्रिक से प्रमाणीकरण किया जाएगा । संयुक्त खाता होने पर किसी एक भू स्वामी का ओटीपी बायोमैट्रिक से प्रमाणीकरण किया जाएगा । ई-उपार्जन पोर्टल पर दर्ज किसान के नाम एवं आधार डाटाबेस में दर्ज किसान के नाम का मिलान ई-उपार्जन पोर्टल पर होने की दशा में पंजीयन सुरक्षित करने हेतु सुरक्षित करे विकल्प को क्लिक करना होगा । वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को वन पट्टा एवं सिकमी/बटाईदार किसानों को सिकमी/बटाई अनुबंध 2 फरवरी 2026 के पूर्व की अवधि का पंजीकृत होने पर ही मान्य किया जाएगा ।

सिकमी/बटाईदार किसानों की अनुबंध अवधि म.प्र.भू-स्वामी एवं बटाईदार के हितों के संरक्षण अधिनियम 2016 की कंण्डिका 4(3) के अनुसार ₹अनुबंध की अवधि अधिकतम 05 वर्ष की होगी। किसान द्वारा बोई गई फसल, किस्म, रकबा तथा विक्रय योग्य मात्रा की जानकारी भी प्राप्त कर आवेदन में दर्ज की जाए। किसान द्वारा उत्पादित फसल का भंण्डारण किन स्थानों पर किया गया है अथवा किया जाएगा, इसकी जानकारी भी आवेदन में दर्ज की जाए । मृत कृषक जिनकी भूमि का नामांतरण लंबित है, ट्रस्ट एवं धार्मिक संस्थानों की भूमि, शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृद्ध कृषक जिनका बायोमेट्रिक सत्यापन न होने के कारण आधार डाटाबेस में मोबाईल नंबर अपडेशन संभव नहीं है, ऐसे किसानों का पंजीयन डीएसओ लॉगिन से किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया के संबंध में 5 फरवरी 2025 को जारी निर्देश की प्रति संलग्न परिशिष्ट-7 अनुसार होगी । किसान पंजीयन के लिए भूमि, सिकमी/बटाईदार अनुबंध/कोटवार एवं वन पटटाधारी के दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा ।

भू-अभिलेख एवं आधार डाटा में किसान का नाम त्रुटीपूर्ण होने पर राजस्व अमले से अथवा आधार पंजीयन केन्द्र में नाम का संशोधन कराया जाए । आधार डाटाबेस में दर्ज मोबाइल पर ही ओटीपी प्रेषित होगा, अतएव आधार डाटाबेस में सही मोबाइल नंबर दर्ज किया जाये । किसान के अदयतन आधार लिंक बैक खाते में ही भुगतान किया जाना है । किसान को इस हेतु बैंक खाते को आधार से लिंक कराने की कार्यवाही संबंधित बैंक में जाकर कराई जाने के लिये सूचित किया जाये । किसान पंजीयन में दर्ज भूमि के रकबे, बोई गई फसल एवं फसल की किस्म से संतुष्ट न होने पर पंजीयन के पूर्व किसान द्वारा भूमि, बोई गई फसल एवं फसल की किस्म में संशोधन हेतु गिरदावरी में दावा आपत्ति करना होगी । दावा-आपत्ति का निराकरण होने एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान की संशोधित जानकारी आने पर पंजीयन किया जा सकेगा।




## सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों का शाल श्रीफल से किया गया सम्मान

**उमरिया।** शासन के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त अधिकारियों,कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद पीपीओ प्रदान करते हुए कलेक्टर सभागार में शाल श्रीफल से कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सम्मानित किया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि शासकीय सेवा में आने के पश्चात सेवानिवृत्त होना शासकीय प्रक्रिया है। सेवा निवृत्ति के पश्चात सभी समाज से जुड़ें,अपने घर के दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने पीपीओ पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की।इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए श्रीमती सुधा दुबे,संतोष कुमार शुक्ला,श्रीमती डी दुर्गा देवी, शिवचरण सिंह,प्रतिपाल सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, मो. हनीफ खान,रामचरण भूमिया, द्वारिका सिंह,किशनदास बैगा,चंद्रशेखर सिंह,बाबूलाल सेन,सुरेश प्रसाद मिश्रा,आनंद माधव मिश्रा,दीनबंधू चर्मकार का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। जिला पेंशन अधिकारी अखिलेश पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सत्यवती प्रजापति एपीओ,विश्वजीत पूसाम एपीओ,आशा भागडक़र, प्रताप सिंह उपस्थित रहे ।

# हॉइवे पर लूट कारित करने वाले 5 आरोपियो को सश्रम कारावास

**उमरिया। मीडिया प्रभारी नीरज पाण्डेय द्वारा बताया गया कि फरियादी दुर्गेश यादव, सोनेलाल यादव के वाहन अर्टिगा क्रमांक एमपी 054 सीए-5220 का ड्रायवर है, जो 1 फरवरी 2025 कि सुबह लगभग 10.30 बजे वाहन मालिक सोनेलाल ने फरियादी दुर्गेश को फोन किया और बोला कि एक बुकिंग है, गाडी लेकर कटनी जाना है । फरियादी को सवारी का मोबाईल नम्बर दिया था, तो फरियादी दुर्गेश यादव सिंगल टोला से गाडी लेकर समय करीब 11.15 बजे उक्त मोबाईल नम्बर पर फोन करके बोला कि वह भरौला आ गया है तब (आरोपी) सवारी ने कहा कि सिद्ध बाबा मंदिर के पास आओ तब वह सिद्ध बाबा मंदिर के पास पहुंचा जहां उसे दो सवारी खड़ी मिली थी, उसने दोनों को गाड़ी में बैठा लिया था।**

गाड़ी में बैठने के बाद एक लम्बा सा लडका सांवले रंग का उम्र करीब 20-25 वर्ष उसने पेचकस निकाल लिया और फरियादी से बोला कि गाडी दूसरे लडक़े को चलाने दे नहीं तो जान से मार देगा, दूसरा लडक़ा जो कि नाबालिग था, उसको फरियादी ने गाडी चलाने के लिये दे दी थी। दोनों फरियादी से गाड़ी लेकर और उसे साथ बिठाकर जोगिन के जंगल तरफ गाड़ी लेकर गये और उसे उतारकर हाथ मुक्के से मारपीट किये तथा जान से मारने का भय देकर उससे उक्त वाहन क्रमांक एमपी054 सीए 5220 कीमती करीब 10 लाख रूपये, उसका वीवो कम्पनी का मोबाईल , जिसकी कीमत लगभग 9,000 रूपये एवं फरियादी का लाल गुलाबी रंग का पर्स जिसमें आधार कार्ड और 40 रूपये थे, इस प्रकार कुल कीमत 10,09,040 रूपये की लूट की गई। सूचना पर अभियुक्त शिवम के विरुद्ध पुलिस थाना कोतवाली उमरिया में धारा 309 (6), 127 (2) एवं 61 (2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। प्रकरण विवेचना में लिया गया, घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया, जप्ती कार्यवाही की गई, फरियादी का मेडिकल परीक्षण कराया गया एवं सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त शिवम उर्फ शिब्बू के विरूद्ध उक्त धाराओं के अधीन दंडनीय अपराध में अभियोग पत्र निराकरण हेतु न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में विवेचना सिविल लॉईन चौकी प्रभारी बृजकिशोर गर्ग उप निरीक्षक उमरिया द्वारा की गयी। अभियोजन की ओर से प्रकरण में प्रभावी संचालन एवं सशक्त पैरवी एडीपीओ नीरज पाण्डेय द्वारा किया गया। प्रकरण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार अग्रवाल के न्यायालय उमरिया द्वारा दिनांक 29 जनवरी 2026 को बीएनएस की धारा 309 (6) में आरोपी शिवम उर्फ शिब्बू यादव पिता रामरतन यादव को 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया और बीएनएस 2023 की धारा 127 (2) में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर हुआ पुण्य स्मरण

**हरिभुमि न्यूज अमरकंटक।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में शुक्रवार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर भावपूर्ण पुण्य स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा बापू को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रार्थना सभा के समापन के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजीव कुमार झा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके जीवन मूल्यों, सत्य, अहिंसा एवं सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उपस्थित सभी जनों ने बापू द्वारा बताए गए सदमार्ग पर चलने का संकल्प लिया। ठीक प्रातः 11 बजे घंटी बजते ही विद्यालय परिसर में जहाँ-तहाँ उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी कक्षाओं में अनुशासन एवं गंभीरता का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया।





## क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन सुपर स्ट्राइकर किंग बनी विजेता

**हरिभुमि न्यूजबदरा/जमुना।** स्वर्गीय शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया, जिसमें सुपर स्ट्राइकर किंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संदेश इलेवन को पराजित कर खिताब अपने नाम किया टूर्नामेंट की शुरुआत से लेकर फाइनल तक दर्शकों को लगातार रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फाइनल मैच 12-12 ओवरों का खेला गया। टॉस जीतकर संदेश इलेवन ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर स्ट्राइकर किंग की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट खोकर 78 रन बनाए और संदेश इलेवन को जीत के लिए 79 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संदेश इलेवन की टीम जबरदस्त गेंदबाजी के दबाव में मात्र 60 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार सुपर स्ट्राइकर किंग को विजेता घोषित किया गया। कम स्कोर वाले इस मुकाबले में दोनों टीमों के गेंदबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे अंत तक मैच में रोमांच बना रहा। विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। फाइनल मुकाबले के अवसर पर नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. मनोज कुमार, धीरेंद्र सिंह उर्फ मिंटू, लाल बहादुर जायसवाल, उमाशंकर सिंह, डी.के. सिंह, अजय यादव, संतोष चौरसिया, अजय ताराचंद यादव, सुनील सिंह, मोनू जायसवाल तथा मनोज सिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर राम अवध सिंह ने कहा "स्वर्गीय शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देता है, बल्कि युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि नगर पालिका परिषद द्वारा स्वर्गीय शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) के नाम पर एक भवन का निर्माण किया जाएगा, ताकि उनकी स्मृति को स्थायी रूप से संजोया जा सके। फाइनल मुकाबले के साथ ही क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल एवं गरिमामय समापन हुआ, जिसे खेल प्रेमियों ने लंबे समय तक यादगार बताया।

# कोयला चोरी में 3 गिरफ्तार, लेकिन एरिया सेल्स मैनेजर पर मेहरबानी क्यों?





### जांच पर उठे गंभीर सवाल

**हरिभुमि न्यूज बदरा/जमुना।** राजनांदगांव जगरन्नाथपुर ओपन कास्ट खदान से ट्रक-ट्राला के माध्यम से कोयला चोरी के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने भले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हो, लेकिन इस पूरे प्रकरण में एरिया सेल्स मैनेजर भटगांव की संदिग्ध भूमिका सामने आने के बावजूद न तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और न ही किसी प्रकार की विभागीय या कानूनी कार्रवाई हुई है इससे जांच की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। अखबार में प्रकाशित खबर एवं न्यूज वेबसाइट में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जगरन्नाथपुर खुली खदान से कोयला लोड ट्रक-ट्रालों को सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर मुख्य द्वार से बाहर निकाला जा रहा था मामले के उजागर होने के बाद खदान प्रबंधन ने प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि कोयला चोरी का यह खेल लंबे समय से चल रहा था और इसमें खदान प्रबंधन, सुरक्षा कर्मियों तथा रोड सेल से जुड़े कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है नियमों के अनुसार बिना वैध दस्तावेज, वजन पर्ची और अधिकृत अनुमति के कोयले का परिवहन संभव नहीं है, ऐसे में सवाल उठता है कि यह सब एरिया सेल्स मैनेजर भटगांव की जानकारी के बिना कैसे होता रहा। सूत्रों का कहना है कि रोड सेल और कोयला डिस्पैच से जुड़े सभी अहम नियंत्रण एरिया सेल्स मैनेजर के अधीन होते हैं इसके बावजूद एरिया सेल्स मैनेजर को जांच के दायरे से बाहर रखा जाना संदेह को और गहरा करता है न तो पुलिस रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज है और न ही कंपनी प्रबंधन की ओर से उनके खिलाफ कोई ठोस कदम उठाया गया है। स्थानीय लोगों और जानकारों का मानना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो बड़े चेहरे बेनकाब हो सकते हैं केवल छोटे कर्मचारियों और ट्रक चालकों की गिरफ्तारी कर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही है, जबकि असली सूत्रधार अब भी सुरक्षित हैं। अब सवाल यह है कि क्या एरिया सेल्स मैनेजर को किसी का संरक्षण प्राप्त है? या फिर जांच को जानबूझकर एक सीमित दायरे में रखा जा रहा है? जनता और जिम्मेदार नागरिकों ने मांग की है कि इस पूरे कोयला चोरी प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा एरिया सेल्स मैनेजर भटगांव सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## खबर संक्षेप

### शहीदों की स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन



**उमरिया।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में 2 मिनट का मौन रखा गया। दो मिनट का मौन शुरू होने की सूचना 10.59 बजे से 11 बजे तक सायरन बजाकर दी गई । दो मिनट बाद 11.02 बजे से 11.03 बजे तक आल क्लियर सायरन बजाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसएलआर सतीश सोनी सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इसी तरह शहीदों की स्मृति में जिला पंचायत उमरिया, कार्यालय होमगार्ड, जल संसाधन विभाग सहित अन्य कार्यालयों में दो मिनट का मौन धारण किया गया ।

### किसानों की मोटर सायकिल रैली का आयोजन आज

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि किसान कल्याण वर्ष के रूप मे मनाए जाने उपलक्ष्य पर 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे से जिला स्तर पर किसानो की मोटर सायकिल रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली कृषि उपज मंडी उमरिया से होते हुए रमपुरी तिराहा, नया बस स्टैंड,स्टेशन चौराहा, गांधी चौक से होते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचेगी।

### तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु ग्रुप गठित

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिये जिला स्तर पर गेहूँ उपार्जन में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने टेक्नीकल सपोर्ट ग्रुप का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार गठित टेक्नीकल सपोर्ट ग्रुप में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष कुमार शुक्ल, खाद्य विभाग के ऑपरेटर सूर्य प्रताप बागड़े व शुभम पाठक व एमपीएससीएससी ऑपरेटर शेखर श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। यह दल जिला स्तर पर धान उपार्जन में आने वाले तकनीकी समस्याओं का समाधान व निराकरण करेगा।

### रबी उपार्जन की निगरानी हेतु समिति गठित

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ पंजीयन के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया है। जिला स्तरीय उपार्जन समिति पंजीयन की समस्त प्रक्रिया हेतु उत्तरदायी होगी। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा गठित जिला स्तरीय उपार्जन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होगे। जबकि जिला आपूर्ति अधिकारी सदस्य सचिव और सदस्य के तौर पर जिला लीड बैंक अधिकारी, उपसंचालक कृषि, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी व म.प्र. वेयर हाउस लॉजिस्टक कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक, अधीक्षक भू अभिलेख और सचिव कृषि उपज मंडी को सदस्य बनाया गया है।

# गणतंत्र दिवस पर विद्यालयीन छात्रों ने नगर परिषद के द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में सामूहिक कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी मनोहारी प्रस्तुति





**बुढार।** गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम बुढार में नगर परिषद बुढार द्वारा नगर के शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं का सामूहिक मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, वहीं समाज सेवा तथा विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान रखने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर तथा मेडल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया।
गणतंत्र दिवस पर नगर परिषद कार्यालय बुढार में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के उपरांत ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्यातिथ्य एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया।
मुख्य अतिथि विधायक जयसिंह मरावी ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के उपरांत अमर शहीदों के त्याग व बलिदान का पुण्य स्मरण करते हुये कहाकि— गणतंत्र दिवस हम सभी को आपसी सद्भाव प्रगाढ़ करने का संदेश देता है। विधायक श्री मरावी ने कहाकि - नगर परिषद ने सामूहिक कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालयीन प्रतिभाओं को भरपूर प्रोत्साहित किया है जो प्रशंसनीय है। मुख्यातिथ विधायक श्री मरावी ने ध्वजारोहण के उपरांत प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किये। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहाकि— राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को मनाते हुये हम सभी हर्षित हैं क्योंकि सरहद पर खड़ा देश का सैनिक रक्षा में समर्पित हैं। श्रीमती सरावगी ने कहाकि - देश की एकता व अखंडता की रक्षा में वीर सपूतों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है, जिनके त्याग व बलिदान को नहीं भुलाया जा सकता। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहाकि - राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वालों को नगर परिषद आज सम्मानित कर रही है क्योंकि वे सम्मान के हकदार हैं, वहीं विद्यालयीन छात्रों की प्रतिभा को निखारने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचीय अवसर प्रदान किया गया जिसमें नगर के विद्यालयीन छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।मुख्य नगरपालिका अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने नगर परिषद की ओर से कार्यक्रम में पधारे सभी का स्वागत किया। गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक शिवेंद्र द्विवेदी, प्राचार्य श्रीमती आर.आर. पाण्डेय, सुधाकर शर्मा, दौलत मनवानी, रविकांत चौरसिया, राकेश पाण्डेय, दीपक शर्मा, उग्रभान अवस्थी, चंद्रभान गुप्ता, रामभजन गुप्ता, श्रीकृष्ण गुप्ता, विनोद पाठक, पंकज शर्मा, योगेंद्र सिंह, सोनू आहूजा, आदित्य पांडेय, राजीव शर्मा, रोशन सिंघानिया तथा पार्षद श्रीमती सुधा बारी, सविता सिंह भदौरिया, जूली रजक, सुमित्रा नामदेव, जूली जैन, मालती यादव, मो. शाहिद (चीनी), मोहन बैगा की विशिष्ट उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन यासिर कैफी ने किया। गणतंत्र दिवस पर नगर परिषद ने कक्षा 10वीं में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया, वहीं पत्रकारिता, स्काउट, क्रीड़ा, एंकरिंग तथा योगा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर मुख्यातिथ व अध्यक्ष ने सम्मानित किया— जिसमें वरिष्ठ पत्रकार मोहन नामदेव, रवि रजक, डॉ मनोज कुजूर, सुधाकर शर्मा, हेमराज सिंह, श्रीमती स्नेहलता गुप्ता, राधिका तिवारी, अभय कुमार शुक्ला, यासिर कैफी, बृजेंद्र हरिजन, विरेंद्र पाईया, परितोष सोनी, संजीत पांडेय मुख्यतः रहे।

# नगर की मूल समस्याओं पर नेताओं की सक्रिय आवाज़, शुद्ध पेयजल व सुरक्षित सड़कों की मांग तेज







**धनपुरी।** नगर पालिका क्षेत्र में शुद्ध पेयजल, सड़क, नाली और अधोसंरचना से जुड़ी समस्याएं लंबे समय से जनता को परेशान कर रही हैं। इन मुद्दों को लेकर अब नगर के श्रमिक नेता व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम सिंह, अनिल जायसवाल, हंसराज तंवर एवं अजय जायसवाल खुलकर सामने आए हैं और नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। नेताओं का कहना है कि नगर में विकास के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद आम नागरिकों को मूल सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है, जो चिंता का विषय है।40 वर्ष पुरानी पाइपलाइन पर सवाल—नेताओं की सीधी मांग नेताओं ने बताया कि लगभग 40 वर्ष पूर्व नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर पानी सप्लाई के लिए जो पाइपलाइन बिछाई गई थी, आज भी उसी से जलापूर्ति की जा रही है। राम सिंह ने कहा— "इतनी पुरानी पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल की उम्मीद करना अपने आप में सवाल खड़ा करता है।" वहीं अनिल जायसवाल ने स्पष्ट कहा कि— "नई पाइपलाइन वार्डों में बिछा दी गई है, लेकिन जब तक उसे चार्ज नहीं किया जाएगा और पुराने कनेक्शन नई लाइन में शिफ्ट नहीं होंगे, तब तक जनता को शुद्ध पानी नहीं मिल सकता।" नई पाइपलाइन होते हुए भी उपयोग नहीं—नेतृत्व का सवाल हंसराज तंवर ने इस स्थिति को प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए कहा कि— "नई पाइपलाइन का चार्ज न होना इस बात का प्रमाण है कि योजनाएं जमीन पर नहीं, केवल कागजों में चल रही हैं।" अजय जायसवाल ने इसे जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए कहा कि— "दूषित पानी सिर्फ असुविधा नहीं, यह सीधे जनता की सेहत से जुड़ा खतरा है।"सड़क और नाली खुदाई पर नेताओं का कड़ा रुख नेताओं ने नगर के विभिन्न वार्डों में हो रही बेतरतीब खुदाई पर भी नाराज़गी जताई। उन्होंने बताया कि कहीं नाली के किनारे, तो कहीं सड़क के किनारे-किनारे खुदाई कर दी जाती है, लेकिन बाद में उसे कंक्रीट से समतल नहीं किया जाता। इससे सड़कों पर धूल उड़ती है और लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नेताओं ने यह भी बताया कि साल–डेढ़ साल पहले बनी डामरीकृत सड़कें, नई पाइपलाइन विस्तार के नाम पर फिर से खोद दी गई हैं। राम सिंह और अनिल जायसवाल ने संयुक्त रूप से कहा— "बिना पूर्व प्लानिंग लाखों रुपये की सड़क बनाना और फिर उसे तोड़ देना जनता के पैसे की बर्बादी है।" वार्डों के जमीनी उदाहरण नेताओं ने रखे नेताओं ने वार्ड क्रमांक 4 और वार्ड क्रमांक 23 जैसे क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां नालियां क्षतिग्रस्त हैं सड़क पर गंदा पानी बहता है और खुदाई के बाद बहाली नहीं हुई जिससे आम नागरिकों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। बजट और योजनाओं पर नेताओं का सवाल नेताओं ने याद दिलाया कि नगर पालिका ने वर्ष 2024–25 में लगभग 1 अरब 24 करोड़ रुपये का बजट और मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत शुद्ध पेयजल के लिए लगभग 27 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। हंसराज तंवर ने कहा— "जब बजट और योजनाएं मौजूद हैं, तो फिर परिणाम क्यों नहीं दिख रहा?" नेता प्रतिपक्ष की भूमिका पर टिप्पणी नेताओं ने यह भी कहा कि नगर की समस्याओं पर नेता प्रतिपक्ष की भूमिका अपेक्षाकृत कमजोर रही, जिसके चलते उन्हें स्वयं आगे आकर जनता की आवाज़ उठानी पड़ी। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि नगरहित में सभी दलों और प्रतिनिधियों को एक मंच पर आना चाहिए। नेताओं की स्पष्ट और साझा मांग राम सिंह, अनिल जायसवाल, हंसराज तंवर एवं अजय जायसवाल ने एक स्वर में मांग की कि— नई पाइपलाइन को तत्काल चार्ज किया जाए पुरानी पाइपलाइन से घर-घर कनेक्शन नई लाइन में स्थानांतरित होंखुदाई के बाद तुरंत कंक्रीटीकरण व सड़क बहाली की जाए सड़क, नाली और पाइपलाइन कार्यों की संयुक्त पूर्व योजना बनाई जाए और विकास कार्यों की पारदर्शी समीक्षा हो ताकि नगर की जनता को शुद्ध पेयजल, सुरक्षित सड़कें और व्यवस्थित नगर मिल सके।

# खैरहा अंडरग्राउंड माइंस ने रचा एसईसीएल में कीर्तिमान

## वार्षिक कोयला लक्ष्य 65 दिन पहले ही किया पूरा, लगातार तीसरी बार बनाई ऐतिहासिक हैट्रिक, वर्ष 2026-27 में 14 लाख टन का मेगा टारगेट




**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत खैरहा भूमिगत माइंस ने कोयला उत्पादन के क्षेत्र में एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित कर दिया है, जो पूरे एसईसीएल के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गया है। एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित 8 लाख 77 हजार 500 टन वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को खैरहा माइंस ने 25 जनवरी 2026 को ही पूरा कर लिया, यानी तय समय से पूरे 65 दिन पहले। यह उपलब्धि केवल समय से पहले लक्ष्य पूरा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दर्शाती है कि खैरहा भूमिगत माइंस ने लगातार तीसरे वर्ष समय से पहले लक्ष्य हासिल कर उत्पादन की ऐतिहासिक हैट्रिक बना ली है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ खैरहा माइंस ने न सिर्फ सोहागपुर एरिया बल्कि पूरे एसईसीएल में सफलता का परचम लहरा दिया है।

### 25 जनवरी बना ऐतिहासिक दिन

खैरहा माइंस के लिए 25 जनवरी 2026 एक ऐतिहासिक दिन के रूप में दर्ज हो गया, जब खदान ने वार्षिक लक्ष्य को 65 दिन पहले ही हासिल कर लिया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि खदान में उत्पादन योजना, श्रम प्रबंधन और तकनीकी संचालन बेहद सटीक और अनुशासित तरीके से किया जा रहा है।

### लगातार सफलता से बढ़ा भरोसा, मिला रिकॉर्ड स्तर का नया लक्ष्य

खैरहा भूमिगत माइंस की निरंतर सफलता और सुरक्षित उत्पादन रिकॉर्ड को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को बढ़ाकर 14 लाख टन निर्धारित किया है। यह मौजूदा लक्ष्य की तुलना में लगभग 5 लाख टन अधिक है, जो खैरहा माइंस की क्षमता पर प्रबंधन के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

### मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक प्रबंधन बना आधार

इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी.के. जेना का मार्गदर्शन निर्णायक रहा, जिनके निर्देशों में उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। वहीं उपक्षेत्रीय प्रबंधक बी. हरि बाबू द्वारा निरंतर निगरानी, समन्वय और त्वरित निर्णयों ने लक्ष्य पूर्ति को गति दी। खान स्तर पर खान प्रबंधक मंसाराम भंडारी के नेतृत्व में पूरी टीम ने उत्पादन से जुड़े हर पहलू—मशीनरी प्रबंधन, शिफ्ट प्लानिंग, मानव संसाधन, वेंटिलेशन और सेफ्टी सिस्टम—पर सूक्ष्मता से काम किया।

### शून्य दुर्घटना के साथ उत्पादन, बनी पहचान

खैरहा भूमिगत माइंस की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उत्पादन दबाव के बावजूद सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया गया। नियमित सेफ्टी मीटिंग, जोखिम आकलन और श्रमिकों की सतर्क भागीदारी के चलते खदान ने शून्य दुर्घटना के साथ लक्ष्य हासिल किया।
खान प्रबंधक का बयान

### खान प्रबंधक मंसाराम भंडारी ने कहा—

"25 जनवरी को 65 दिन पहले लक्ष्य पूरा करना हमारी पूरी टीम की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता रही है। खैरहा माइंस ने पूरे एसईसीएल में जो पहचान बनाई है, वह हर श्रमिक और अधिकारी के समर्पण का प्रमाण है।"

### एसईसीएल के लिए बनी मॉडल माइंस

खैरहा भूमिगत माइंस की यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में एसईसीएल की अन्य भूमिगत खदानों के लिए मॉडल और प्रेरणास्त्रोत बनेगी। बढ़ा हुआ लक्ष्य यह संकेत देता है कि आने वाले समय में खैरहा माइंस उत्पादन के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# उमरिया की बेटी शांति सिंह का स्वर्णिम प्रदर्शन






## राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में एक दिन में दो पदक जीतकर रचा इतिहास

**उमरिया। जिले की प्रतिभाशाली धावक शांति सिंह ने दोहरी सफलता अर्जित कर अपने शानदार प्रदर्शन से प्रदेश और शहर का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स, भोपाल में 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 400 दौड़ में रजत पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया।**
साथ ही यह अत्यंत गर्व का विषय है कि आगामी राष्ट्रीय चौंपियनशिप 2026, के 800 मीटर इवेंट में वे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित खेलो एम पी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में ब्लाक स्तर से जिला और संभाग स्तर से राज्य स्तर तक लगभग 9 संभागों में आयोजित किया जा रहा हैं जिसका उद्घाटन प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा विभिन्न मंत्रियों की उपस्थिति में 27 जनवरी को टी टी नगर स्टेडियम भोपाल में प्रखर गायक कैलाश खेर की उपस्थिति में किया गया था। खेलो एम पी यूथ गेम्स के राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भोपाल के 800 मीटर दौड़ में उमरिया जिला विकासखंड मानपुर ग्राम बारहुत पिपरहा टोला निवासी शांति सिंह जिन्होंने स्वर्ण पदक जीत कर जिले को गौरवान्वित किया है। शांति ने एक साथ दो पदक अर्जित किए हैं 400 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त कर जिले की पहली बालिका एथलीट बनी जिसने राज्य स्तर पर एक ही दिन में दो पदक प्राप्त किए हैं। शांति के पिता श्री मोल सिंह कृषक और माता श्रीमती सुमित्रा बाई गृहणी का कार्य करती हैं शांति सिंह वर्तमान में मध्य प्रदेश राज्य एथलेटिक अकादमी भोपाल की छात्रा हैं जो राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।खेल और युवा कल्याण विभाग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर शांति सिंह ने राज्य स्तर की पात्रता प्राप्त की थी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सीताराम से मुलाकात कर जिले को राज्य स्तर पर पदक दिलाने का भरोसा दिया था। जिले की होनहार बेटी की उपलब्धि पर कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री सीताराम ने शांति को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है,वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी देश व उमरिया का गौरव बढ़ाएँ ।

# उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी



**उमरिया।** उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय उमरिया में आयोजित किए गए सत्र के तहत उपस्थित जिला कार्यक्रम प्रबंधक दसन पंद्राम द्वारा उपस्थित छात्राओं को एचआईवी एड्स संक्रमण के संबंध में जागरूक किया एवं बचाव के उपाय बताए गए । डॉक्टर एस.बी.चौधरी जिला स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को परिवार कल्याण कार्यक्रम ने कहा कि छोटा परिवार होने के व्यक्तिगत पारिवारिक एवं समाज कैसे जीवन शैली को प्रभावित करता है वही किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता राकेश चौधरी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को शारीरिक स्वच्छता एवं संक्रमण बीमारियों के बारे में चर्चा की गई । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विमल मरावी नोडल अधिकारी उमंग उच्च शिक्षा डॉक्टर जितेंद्र कुमार डॉ अरविंद वर्कड़े डॉ शांति प्रजापति जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक किशोर स्वास्थ्य एवं स्टॉप छात्र-छात्राएं म उपस्थित रहे।

# पत्रकार आशीष नामदेव के पुत्र अनिकेत नामदेव (अभि) के आसमयिक निधन पर शोक संवेदना



**बुढार।** पत्रकार आशीष नामदेव के पुत्र - अनिकेत नामदेव (अभि) के आसमयिक निधन पर नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों, जन प्रतिनिधियों तथा स्नेहियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है।वरिष्ठ पत्रकार मोहन नामदेव के भतीजे एवं पत्रकार आशीष नामदेव के अनुज पुत्र - अनिकेत नामदेव जो शासकीय महाविद्यालय बुढार में बी. कॉम. द्वितीय वर्ष का विद्यार्थी था जो काफी मिलनसार था जिसका करुणान्त गृह ग्राम कटकोनी (बुढार) में गत 28 जनवरी को हो गया। वरिष्ठ पत्रकार मोहन नामदेव के भतीजे एवं पत्रकार आशीष नामदेव के अनुज पुत्र के निधन पर समाजसेवी एवं पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी, विधायक जयसिंह मरावी, शिवेन्द्र कुमार द्विवेदी, हनुमान खंडेलवाल, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, जयकान्त मिश्रा विश्वेश पटेल, अरुण शर्मा, प्रदीप सिंह (एड.), भानू दीक्षित, कमलेश शर्मा, बलमीत सिंह खनूजा, रोहणी प्रसाद गर्ग, उग्रभान अवस्थी, सुजीत सिंह चंदेल, रविकरण त्रिपाठी, शरद गुप्ता, सुरेन्द्र जायसवाल, रवि रजक, अरविन्द नायक, अजय सिंघानिया, मनोज जैन, पत्रकार सनत शर्मा, ऋतुपर्ण दबे, कैलाश लालवानी, अजय नामदेव, सुभाष शर्मा, ओमप्रकाश पाण्डेय (एड.), राजू सेठिया, प्रवीण जैन (बीनू) सुभाष तिवारी ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

खबर संक्षेप

### सत्ता के लालच में देश में घोला जा रहा नफरत का जहर-ऋषि तिवारी



**कोतमा।** कांग्रेस नेता ऋषि तिवारी ने केंद्र की वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि सत्ता के लालच में देश में नफरत का जहर घोला जा रहा है। तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश को बांटने की नाकाम कोशिशों को सुप्रीम कोर्ट ने रोककर लोकतंत्र की रक्षा की है। ऋषि तिवारी ने भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन्हें केवल सत्ता से प्रेम है। उन्होंने कहा धार्मिक ध्रुवीकरण कभी हिंदू-मुस्लिम के नाम पर, तो कभी भगवान राम के नाम का सहारा लेकर राजनीति की जा रही है, जबकि धर्म को राजनीति से दूर रखना चाहिए। अब यह सरकार भाइयों के बीच जाति का जहर फैलाकर सत्ता हासिल करने की फिराक में है। अपनी विफलताओं का दोष गांधी परिवार, नेहरू जी और दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं पर मढ़ना भाजपा की पुरानी नीति रही है। यूजीसी कानून का जिक्र करते हुए तिवारी ने कहा कि नियम वर्तमान सरकार लागू करती है, लेकिन आरोप वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर लगाए जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति ने समानता के आधार पर जो सुझाव दिए थे, उन्हें दरकिनार कर सरकार हिटलरशाही चला रही है, जो जनता का सीधा अपमान है। आगामी चुनावों की ओर इशारा करते हुए ऋषि तिवारी ने जागरूक जनता से अपील करते हुए कहा कि हम सभी जाति के भाई एक हैं। जो बहरूपिया नेता देश और समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें आगामी चुनाव में सबक सिखाना बेहद जरूरी है। तिवारी ने कहा कि देश में निचली राजनीति से लेकर ऊपर तक फैला यह 'बहरूपियापन' चिंता का विषय है और यदि जनता अभी जागरूक नहीं हुई, तो ये ठग' इसी तरह छलते रहेंगे।

### ग्राम पयारी में पुलिस बल के चांदमारी अभ्यास हेतु फायरिंग रेंज घोषित



**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली द्वारा आदेश जारी कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वार्षिक चांदमारी अभ्यास हेतु ग्राम पयारी (हनुमान मंदिर के पास) चौकी फुनगा थाना भालूमाड़ा में 31 जनवरी से 5 फरवरी तक के लिए फायरिंग रेंज घोषित किया गया है। उक्त अवधि में फायरिंग रेंज के 4 कि.मी. की परिधि में ग्राम के नागरिकों तथा अन्य स्थानों के नागरिकों एवं पशुओं का प्रवेश भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत पूर्णतः निषेधित रहेगा। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-223 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## 7 दिनों बाद पुलिस ने किया खुलासा

# संतान न होने, दूसरी शादी करने के चक्कर में पति ने कर दी पत्नी की हत्या

### पत्नी को मार कर जलाया और गाढ़ दिया जमीन पर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में पुलिस ने एक अंधी हत्या के मामले का सनसनीखेज खुलासा करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। कंकाल में तब्दील लाश, जले कपड़े और बिखरे अवशेषों से शुरू हुई यह गुत्थी आखिरकार पुलिस की सधी हुई जांच से सुलझ गई। नवविवाहिता की हत्या कर शव जलाने और दफनाने वाले आरोपी ने पूछताछ में जुर्म कबूल कर लिया। 26 जनवरी को थाना राजेन्द्रग्राम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरबसपुर जोगी नाला के पास मानव कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई थी। मौके पर जले कपड़े, चूड़ियां और लंबे बाल मिलने से हत्या की आशंका गहराई। पुलिस ने मर्ग कायम कर एफएसएल शहडोल की टीम के साथ साक्ष्य जुटाए। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में सात दिन के भीतर हत्या की पुष्टि हुई। पहचान के बाद मृतिका राजेश नंदिनी उर्फ सुरसा के रूप में हुई। विवेचना के दौरान संदेह की सुई पति रामकुमार चंद्रवंशी पर गई, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सख्ती से पूछने पर आरोपी टूट गया और पत्नी की हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने



आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की।

#### कंकाल मिलने से फैली दहशत

बरबसपुर जोगी नाला के पास सिर, हाथ-पैर के कंकाल और अधजले कपड़े मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके को सील कर जांच शुरू की। एफएसएल टीम की जांच और शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है, जो सात दिन के भीतर की गई थी।

#### पहचान के बाद पति पर गहराया शक

जबड़े के दांतों से मृतिका की पहचान हुई। परिजनों ने पति रामकुमार पर संदेह जताया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया आरोपी ने स्वीकार किया कि संतान न होने के कारण वह दूसरी शादी करना चाहता था, पत्नी के विरोध पर उसने गला दबाकर हत्या की और सबूत मिटाने के लिए शव जला दिया। इस अंधी हत्या का खुलासा कर अनूपपुर पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अपराध चाहे कितना भी छिपा हो, कानून से बच नहीं सकता। मामले में पुलिस टीम की सक्रियता और समन्वित जांच सराहनीय रही।

15 लाख की चोरी का पुलिस अधीक्षक नहीं किया खुलासा

# जबलपुर व बालाघाट से आते थे चोरी करने आरोपी



### ज्वेलर्स संचालक भी गिरफ्तार, सोना चांदी औजार की बनी जप्ती

**अनूपपुर।** 26 अक्टूबर 2025 को प्रार्थीया सरला पडवार ने रिपोर्ट लेख कराई कि कोई अज्ञात व्यक्ति सूने मकान मे घर का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवरात और कुछ नगदी ले गये है। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना राजेन्द्रग्राम मे अपराध क्र. 213/2025 धारा 331 (4) 305 (I) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। 07 जनवरी 2026 को प्रार्थी जवाहर वर्मा ने रिपोर्ट लेख कराया कि कोई अज्ञात व्यक्ति सूने मकान में घर का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवरात और कुछ नगदी ले गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना राजेन्द्रग्राम मे अपराध क्र. 06/2026 धारा रा 331(4) 305 (I) बी.एन.एस.का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया इसी तरह 15 जनवरी 2026 को अजय कुमार अग्रवाल रिपोर्ट लेख कराया कि कोई अज्ञात व्यक्ति सूने मकान मे घर का ताला तोडकर नगदी ले गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना राजेन्द्रग्राम मे अपराध क्र. 14/2026 धारा 331 (4) 305 (I) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर अज्ञात आरोपियो की लगातार पता तलाश की जा रही थी। लेकिन कोई पता नही चल पा रहा था। अज्ञात आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे थे। पुलिस ने अज्ञात चोरो की चुनौती को स्वीकार करते हुए मुखविर लगाकर व सायबर सेल की मदद से अज्ञात चोरो का लगातार पता तलाश कर रही थी। पता तलाश के दौरान चोरो द्वारा छोटे वाहन का उपयोग करने का पता चलने पर छोटे वाहनो मे निगरानी रखे जाने लगा। तभी इसी दौरान छोटे वाहन की लीला तरफ होने की जानकारी पता चलने पर उक्त वाहन की पता तलाश हेतु थाना से टीम रवाना किया गया जो रवाना टीम द्वारा ग्राम लीलाटोला के पास एक कार क्र. एमपी 20 सीबी 0625 सड़क के किनारें संदिग्ध हालत मे खडा मिला जो थाना क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र में हो रही चोरीयों की सीसीटीवी फुटेज में रात के समय दिखने वाली कार जैसी लगी जिसमे बैठे लोगो पूछताछ कर रुकने और आने का कारण पूछने पर सही कारण नही बता पाए। और घबरा गए उक्त चारो से नाम पता पूछने पर (1). राकेश नागेश्वर पिता रघु नागेश्वर उम्र 51 वर्ष, आर्यन बहारे पिता राजा बहारे उम्र 22 वर्ष दोनो निवासी ग्राम उकवा जिला बालाघाट। अर्जुन चौधरी पिता स्व सुरेश चौधरी उम्र 26 वर्ष, अभिषेक चौधरी पिता अनिल चौधरी उम्र 24 वर्ष दोनो निवासी राम मंदिर के पीछे घुई खदान जीसीएफ स्टेट के पीछे थाना सिविल लाईन जबलपुर का होना बताए जो पूछताछ पर राजेन्द्रग्राम, डिण्डौरी और अन्य जगह पर चोरी करना बताये और चोरी का सामान बालाघाट में सोनार अंकित सोनी पिता रमेश सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी भरवेली जिला बालाघाट को बेचना बताए। अंकित सोनी से पूछताछ पर चोरी का सामान खरीदना बताया। आरोपियो से एक मारूती स्टीलो कार, सोना 27 ग्राम, चांदी 1300 ग्राम तीन मोबाईल फोन और ताला तोडने के उपकरण जप्त कर आरोपीगणो को जे. आर पर न्यायायल पेश किया गया है। तीन चोरियो के आरोपियो के विरूद्ध कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के मार्गदर्शन व एसडीओपी पुष्पराजगढ़ के निर्देशन में निरीक्षक पी.सी. कोल, उनि अनुराग अवस्थी, सउनि यादवेन्द्र सिह, सउनि. दीपचन्द बर्मन, प्र.आर.142 बीरेन्द्र सिह प्र.आर. धीरेन्द्र सिह, आर. 342 प्रवीण अचाले, प्र.आर.335 पारस जामोद आर. 442 मोती सिह सायबर सेल प्र. आर. राजेन्द्र अहिरवार आर. पंकज मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही है।

# घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से हो रहा व्यावसायिक उपयोग

### अवैध रूप से गैस रिफलिंग का भी चल रहा काम

### प्रशासन, पुलिस से लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग ने साधा मौन



**अनूपपुर।** इन्ट्रो- जिले मे अवैध रिफिलगिं का कारोबार जोरों पर है। प्रशासन, पुलिस से लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग की नाक के नीचे घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे गैस सिलेंडरों में गैस भरने का काम जारी है। इतना ही नहीं घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है जो कभी भी किसी बड़े खतरे का कारण बन सकता है। इससे राजस्व की भी भारी क्षति हो रही है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाके में अधिकतर होटल, मिठाई व चाय की दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर का सरेआम इस्तेमाल हो रहा है। इसके बावजूद लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। दूसरी ओर नियम यह है कि इस तरह के प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस की जगह कमर्शियल सिलेंडरों का प्रयोग किया जा सकता है। कई सालों से घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक कामों में धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। इन सिलेंडरों पर सब्सिडी जारी होने के बावजूद इनके व्यावसायिक उपयोग पर प्रतिबंध नहीं लग पाया है। कई होटल संचालकों ने व्यावसायिक गैस के कनेक्शन ले रखे हैं। वहां उनकी खपत हर महीने 4 से 5 सिलेंडर की है, मगर वे व्यावसायिक सिलेंडर की बजाए घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि कुछ होटल और चाय की दुकान चलाने वालों ने व्यावसायिक सिलेंडर के कनेक्शन लिए हुए हैं। मगर वे भी बड़े सिलेंडरों की बजाए घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग कर रहे हैं। यहां दुकानदार भी उपयोग के वक्त सिलेंडरों को छुपाकर रखते हैं, ताकि कोई देख न सके। ऐसे में सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### मुनाफे के फेर मे चल रहा अवैध कारोबार

अवैध रिफिलिंग का धंधा गैस चूल्हे व स्पेयर पार्ट बेचने वाली हर दुकान पर होता है। ऐसे दुकानदारों को गैस एजेंसी से 14.2 किलोग्राम का एक गैस सिलेंडर प्राप्त होता है। जबकि हैंडीगैस में प्रति किग्रा. गैस भरने के 250-300 रुपये वसूले जा रहे हैं। इससे रिफलिग वालों को 1500-1750 रुपये तक मुनाफा होता है। बताया जाता है कि यह सब जागरुकता के अभाव में हो रहा है। इसको रोकने के लिए सरकार 5 किग्रा. वजन वाली सिलेंडर की व्यवस्था की जो आसानी से सभी गैस एजेंसी में उपलब्ध है। बावजूद लोग कनेक्शन लेने की बजाय बाजार से हैंडीगैस खरीद लेते हैं।

#### नही किया गया जागरूक

गैस भरवाने वाले ग्राहक को यह पता नहीं होता कि गैस कितनी भरी गई है। जबकि गैस एजेंसी में 5 किग्रा. का गैस सिलेंडर निर्धारित रुपये की धरोहर राशि देकर प्राप्त हो सकता है। इसके पीछे जागरूक करने के लिए प्रशासन या खाद्य आपूर्ति विभाग ने कोई अभियान नहीं चलाया। एजेंसियों ने अपने स्तर पर प्रयास किया लेकिन यह कारगर नहीं हुआ।

#### आसानी से सिलेंडर का मिलना है कारण

खासकर छोटे दुकानदारों को अवैध रिफिलगिं के जरिए आसानी से मन मुताबिक गैस मिल जाते है। इसी का नतीजा है कि दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडर देखे जा सकते हैं। शहर में ऐसे कई होटल हैं,



जिनमें अवैध रूप से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। यदि किसी होटल में सिलेंडर फटता है तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इतना ही नही पोर्टेबल जेनसेट व कई वाहनों में अवैध गैस से चल रहे हैं। जिस पर खाद्य विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। लिहाजा अवैध रूप से बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिफिलगिं की जाती है और इन लोगों के हौसले बुलंद हैं।

**जिला न्यायाधीश**
**राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर (म.प्र.)**
**Presiding Officer: पवन कुमार शखवार**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)(MJC GW/03/2025)
Pooja Sharma..............................आवेदिका
Vs
1. Aam Jan Anya Jis Kisi Ko Aapatti Ho
2. MP Govt By Collector............अनावेदकगण
**पेशी दिनांक : 09/03/2026**
**प्रेषिती- (1) आम जन अन्य जिस किसी को आपति हो**
यह कि प्रार्थी पूजा शर्मा ने आपके विरूद्ध पेपर प्रकाशन के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 22 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(पवन कुमार शखवार)
जिला न्यायाधीश
(सील) राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर (म.प्र.)

# पटवारी अभियान चलाकर 15 दिवस में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत करें पूर्ण-कलेक्टर

### लक्षित प्रगति न होने एवं बैठक में अनुपस्थित 7 पटवारियों पर निलंबन की कार्यवाही के दिए निर्देश

### तहसील सभागार पुष्पराजगढ़ में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में पटवारियों की ली बैठक



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तहसील कार्यालय पुष्पराजगढ़ के सभागार में पटवारियों की बैठक लेकर फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अत्यंत धीमी गति से प्रगति कर रहा है, जिसके कारण अनूपपुर जिला प्रदेश के निम्न प्रदर्शन वाले जिलों में शामिल हो गया है। उन्होंने सभी पटवारियों को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अभियान चलाकर आगामी 15 दिवस के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। कलेक्टर पंचोली ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समयबद्धता, गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ शीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के सफल एवं पूर्ण क्रियान्वयन से किसानों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा तथा जिले की समग्र प्रगति में भी वृद्धि होगी। राजस्व प्रकरणों एवं फार्मर रजिस्ट्री में संतोषजनक प्रगति न करने तथा बैठक में बिना कारण अनुपस्थित रहने वाले 7 पटवारियों पर निलंबन की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने पटवारियों से फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति एवं समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। पटवारियों द्वारा बताया गया कि किसानों की ई-केवाईसी लंबित होना, आधार से मोबाइल नंबर लिंक न होना तथा अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने ई-केवाईसी एवं आधार लिंकिंग शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए तथा शिविरों की जानकारी पूर्व में मुनादी के माध्यम से किसानों तक पहुँचाने को कहा। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कार्य में स्थानीय युवाओं एवं मोबिलाइज़र का भी सहयोग लेने हेतु निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया जाए तथा उन्हें बताया जाए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक है। फार्मर आईडी बनने के पश्चात पात्र किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ सरलता से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सभी पटवारियों को निर्देश दिए कि वे ईएचएमआरएस पोर्टल पर एक सप्ताह के भीतर ऑनबोर्ड हो एवं अवकाश संबंधी आवेदन इसी माध्यम से प्रस्तुत करें। साथ ही फौती नामांतरण सहित अन्य महत्वपूर्ण राजस्व विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, तहसीलदार पुष्पराजगढ़ संजय जाट, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहे।